Helpline 1064   94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **चित्तौड़गढ़ में थानाधिकारी, पुलिस थाना भदेसर, कानिस्टेबल एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *28 मई, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की चित्तौड़गढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **रविन्द्र सेन उपनिरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी, सुरेश कानिस्टेबल, पुलिस थाना भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ एवं दलाल कैलाश तेली (प्राईवेट व्यक्ति)** को परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की चित्तौड़गढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किये गये उसके मित्र से मारपीट नहीं करने एवं जल्दी मजिस्ट्रेट के पेश करने की एवज में आरोपी रविन्द्र सेन उपनिरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी एवं सुरेश कानिस्टेबल, पुलिस थाना भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा **15 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी चित्तौड़गढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कैलाश सांदू** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण 1–रविन्द्र सेन उपनिरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी 2–सुरेश कानिस्टेबल, पुलिस थाना भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ एवं 3–दलाल कैलाश तेली निवासी भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **15 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**